उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
संख्या-23 / 01 / ई–2 / 2022–23
प्रयागराजः दिनांक 24 मार्च, 2023

विज्ञप्ति

उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) (प्रा0) परीक्षा–2022 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर **"Fill online details for U.P.Judicial Services (Civil Judge) (Jr. Div.) (Main) Exam-2022"** पर Click करके सर्वप्रथम Registration no. & Basic Details (जन्म–तिथि, लिंग, निवास, श्रेणी इत्यादि) दें एवं Proceed पर क्लिक करें। इसके पश्चात "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें। इसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगेः–

(I) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा।

(II) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

(III) उपरोक्त बिन्दु– II की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है अथवा, मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से भी किया जा सकता है।

निर्देशों एवं प्रक्रिया का भली–भाँति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुए प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन सूचनाएं भरकर पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE" कर लें। सभी अभ्यर्थी प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प–**प्रयागराज एवं लखनऊ में से वांछित केन्द्र को सेलेक्ट (Select) करें।** केन्द्र में कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं है। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वांछित सूचना (मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र के जिले का नाम) दिनांक **08 April, 2023** तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें।

2–सभी स्तरों पर आनलाइन सूचनाएं भरने के पश्चात् "SAVE/SUBMIT" कर दें। आनलाइन "SAVE/SUBMIT" किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट "SAVE/SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प Click here to **"Modify online details after Submission for U.P.Judicial Services (Civil Judge) (Jr. Div.) (Main) Exam-2022"** पर क्लिक करके कर सकते हैं। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक **08 April, 2023** तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त **जाति प्रमाण–पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्ल्यू0एस0) प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र एवं दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र इत्यादि** के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3–ऑनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक **15 April, 2023** को अपराह्न 5:00 बजे तक अथवा उसके पूर्व **सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा अनुभाग–3), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड नं.–211018** को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4–अभ्यर्थी द्वारा प्रश्नगत चयन हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के आनलाइन आवेदन में श्रेणी/उपश्रेणी/अर्हता आदि के सम्बन्ध में किये गये दावे के समर्थन में अपने समस्त अभिलेख मुख्य परीक्षा के आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें, अन्यथा उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक।